भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या– 2181**
दिनांक 12.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

## भारतीयों को चिकित्सा आपातकालीन सहायता

2181. **श्री मलैयारासन डी.:**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उन भारतीय नागरिकों को सहायता प्रदान करती है, जो विदेश में रहते, काम करते या यात्रा करते समय चिकित्सा आपात स्थितियों का सामना करते हैं और यदि हां, तो उक्त सहायता को नियंत्रित करने वाली नीतियों, दिशानिर्देशों और मानक संचालन प्रक्रियाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) उस तंत्र का ब्यौरा क्या है जिसके माध्यम से भारतीय मिशन और पोस्ट चिकित्सा आपात स्थितियों में सहायता प्रदान करते हैं, जिनमें आपातकालीन हेल्पलाइन की उपलब्धता, अस्पतालों के साथ संपर्क, चिकित्सा निकासी या प्रत्यावर्तन की सुविधा और विशेष रूप से कल्लाकुरिची लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों को सूचित करना शामिल है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान भारतीय दूतावासों, उच्चायोगों और वाणिज्य दूतावासों द्वारा देश-वार और वर्ष-वार कितने चिकित्सा आपातकालीन मामले निपटाए गए;

(घ) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान गंभीर चिकित्सा आपात स्थितियों के दौरान संकटग्रस्त भारतीयों को भारतीय समुदाय कल्याण कोष (आईसीडब्ल्यूएफ) से वित्तीय सहायता प्रदान की गई है और यदि हां, तो संवितरित राशि का ब्यौरा क्या है; और

(ड.) भारतीय प्रवासी श्रमिकों के लिए सहायता प्रणालियों को मजबूत करने हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**विदेश राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क और ख) विदेश स्थित भारतीय मिशन/केंद्र विदेशों में चिकित्सा आपात स्थिति का सामना करने वाले भारतीय नागरिकों को हर संभव चिकित्सा सहायता प्रदान करते हैं। प्रदान की जाने वाली सहायताओं की प्रकृति में शामिल हैं:

i) आपातकालीन सहायता की आवश्यकता वाले भारतीय नागरिकों के पास कभी भी आपातकालीन स्थितियों सहित भारतीय दूतावास / कोंसलावास तक पहुंचने के लिए कई चैनल उपलब्ध हैं। दूतावास/ कोंसलावास 24x7 हेल्पलाइन और व्हाट्सएप नंबर संचालित करता है। दूतावास/कोंसलावास भी मिशनों के सोशल मीडिया हैंडल को टैग करते हुए सोशल मीडिया में पोस्ट की गई आपातकालीन स्थितियों का तुरंत उत्तर देता है।

ii) उन स्थितियों में जहां भारतीय नागरिकों नियोक्ता से वैध चिकित्सा बीमा या सहायता नहीं मिली है और वे स्वयं चिकित्सा व्यय वहन करने में सक्षम नहीं हैं, दूतावास / कोंसलावास या तो भारतीय समुदाय कल्याण कोष (आईसीडब्ल्यूएफ) से खर्चों का भुगतान करके या जहां भी संभव हो, अस्पताल या संबंधित स्थानीय प्राधिकारियों से चिकित्सा बिलों को माफ करने का अनुरोध करके सहायता प्रदान करता है।

iii) जहां भी संभव हो, दूतावास / कोंसलावास चिकित्सा सहायता की आवश्यकता वाले भारतीय नागरिकों का संपर्क ऐसे चिकित्सा केंद्रों और अन्य सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ भी कराता है जो निःशुल्क सहायता प्रदान करते हैं।

iv) दूतावास / कोंसलावास अस्पताल से संपर्क करते हैं और स्थिति के आधार पर वास्तविक दौरा भी करते हैं ताकि चिकित्सा स्थिति और अस्पताल से छुट्टी या भारत में प्रत्यावर्तन की व्यवहार्यता पर अपडेट लिया जा सके। दूतावास / कोंसलावास रोगी के परिवार के सदस्यों के साथ समन्वय करते हैं।

v) दूतावास / कोंसलावास रोगी के परिवार के सदस्यों, विदेशी नियोक्ता, अस्पताल, एयरलाइंस और स्थानीय प्राधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय करके भारतीय नागरिकों की चिकित्सा प्रत्यावर्तन में मदद करते हैं जिसमें व्हील चेयर, मेडिकल स्ट्रेचर और एयर एम्बुलेंस शामिल हैं।

vi) यदि प्रत्यावर्तन की लागत प्रायोजक की जिम्मेदारी नहीं है (अवैध निवास की स्थिति के मामलों में) लेकिन रोगी या परिवार खर्च वहन करने में सक्षम नहीं है, तो दूतावास भारतीय समुदाय कल्याण कोष के माध्यम से प्रत्यावर्तन व्यय की व्यवस्था करता है।

vii) तत्काल चिकित्सा प्रत्यावर्तन की आवश्यकता वाले भारतीय नागरिकों के मामले में, जो अवैध निवास स्थिति या यात्रा प्रतिबंध का सामना कर रहे हैं, दूतावास / कोंसलावास स्थानीय सरकारी प्राधिकारियों से अनापत्ति या निकास परमिट प्राप्त करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करता है।

(ग) और (घ) विदेश स्थित भारतीय मिशनों द्वारा पिछले तीन वर्षों में भारतीय समुदाय कल्याण कोष (आईसीडब्ल्यूएफ) से प्रदान की गई चिकित्सा सहायता का अपेक्षित विवरण अनुबंध-क में दिया गया है।

(ङ) सरकार ने विदेशों में रहने वाले प्रवासी कामगारों सहित भारतीयों को किसी भी सहायता की आवश्यकता होने पर या किसी भी शिकायत को दर्ज करने में उन्हें सक्षम बनाने के लिए विभिन्न तंत्र स्थापित किए हैं। वे विभिन्न चैनलों जैसे वॉक-इन, ईमेल, बहुभाषी 24x7 आपातकालीन नंबर, शिकायत निवारण पोर्टल जैसे मदद, सीपीग्राम्स, ई-माइग्रेट, सोशल मीडिया, टोल फ्री हेल्पलाइन, व्हाट्सएप नंबर के माध्यम से मिशनों/केंद्रों से संपर्क कर सकते हैं तथा मिशनों/केंद्रों ने भारतीय नागरिकों को संकट या आपातकालीन स्थिति में संबंधित भारतीय मिशनों/केंद्रों से संपर्क करने में सक्षम बनाने के लिए मोबाईल ऐप की भी शुरुआत की है।

विदेशों में स्थित हमारे मिशन/ केंद्र भारतीय समुदाय कल्याण कोष (आईसीडब्ल्यूएफ) का भी उपयोग करते हैं ताकि संकट में फंसे भारतीय प्रवासियों को साधन परीक्षण के आधार पर निम्नलिखित सेवाएं/सहायता प्रदान की जा सके:

(i) पार्थिव शरीर को भारत वापस लाना या परिवार की सहमति से अंतिम संस्कार;

(ii) आपातकालीन चिकित्सा देखभाल;

(iii) विधिक सहायता;

(iv) भोजन एवं आवास; और

(v) फंसे हुए भारतीयों के लिए हवाई यात्रा

इसके अलावा, संकट के समय भारतीयों को सहायता, मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान करने के लिए नई दिल्ली तथा दुबई (यूएई), रियाद एवं जेद्दा (सऊदी अरब अधिराज्य) और कुआलालंपुर (मलेशिया) में प्रवासी भारतीय सहायता केंद्र (पीबीएसके) स्थापित किए गए हैं। विदेशों में भारतीय नागरिकों, जिन्हें सरकार से किसी भी सहायता/मार्गदर्शन की आवश्यकता हो सकती है, तक पहुंचने के लिए भारतीय मिशनों/केंद्रों द्वारा कोंसली शिविर और ओपन हाउस भी आयोजित किए जाते हैं।

**अनुबंध क**

| 2022 से 2025 तक (जून तक) भारतीय समुदाय कल्याण कोष के आपातकालीन चिकित्सा सेवा के लाभार्थी | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2022 | 2023 | 2024 | 2025 (जून तक) |
| क्रम संख्या | देश | लाभार्थियों की संख्या | लाभार्थियों की संख्या | लाभार्थियों की संख्या | लाभार्थियों की संख्या |
| 1 | अफ़ग़ानिस्तान | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | अलजीरिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | अंगोला | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | अर्जेंटीना | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | आर्मेनिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | ऑस्ट्रेलिया | 2 | 0 | 1 | 0 |
| 7 | ऑस्ट्रिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | अज़रबैजान | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 9 | बहरीन | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | बांग्लादेश | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | बेलारूस | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | बेल्जियम | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | भूटान | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | बोत्सवाना | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | ब्राजील | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | ब्रूनेई दार-एस-सलाम | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | बुल्गारिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | बुर्किना फासो | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | कंबोडिया | 0 | 0 | 1 | 3 |
| 20 | कैमरून | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 21 | कनाडा | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 22 | चिली | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | चीन | 1 | 1 | 1 | 0 |
| 24 | कोलंबिया | 0 | 0 | 0 | 0 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | कोटे डी आइवर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | क्रोएशिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 27 | क्यूबा | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 28 | साइप्रस | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 29 | चेक गणराज्य | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 30 | कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य | 0 | 7 | 0 | 0 |
| 31 | डेनमार्क | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 32 | ज़िबूती | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 33 | डोमिनिकन गणराज्य | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 34 | मिस्र | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 35 | इक्वेटोरियल गिनी | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | इरिट्रिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 37 | एस्टोनिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 38 | इथियोपिया | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 39 | फिजी | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 40 | फिनलैंड | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 41 | फ्रांस | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 42 | जर्मनी | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 43 | घाना | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 44 | ग्रीस | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 45 | ग्वाटेमाला | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 46 | गिनी | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 47 | गुयाना | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 48 | हंगरी | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 49 | आइसलैंड | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 50 | इंडोनेशिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 51 | ईरान | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 52 | इराक | 2 | 0 | 0 | 0 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 53 | आयरलैंड | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 54 | इज़राइल | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 55 | इटली | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 56 | जमैका | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 57 | जापान | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 58 | जॉर्डन | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 59 | कजाखस्तान | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 60 | केन्या | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 61 | कुवैत | 95 | 1 | 0 | 0 |
| 62 | किर्गिज़स्तान | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 63 | लाओस | 0 | 7 | 9 | 2 |
| 64 | लेबनान | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 65 | लाइबेरिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 66 | लीबिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 67 | मेडागास्कर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 68 | मलावी | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 69 | मलेशिया | 2 | 2 | 0 | 29 |
| 70 | मालदीव | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 71 | माली | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 72 | माल्टा | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 73 | मॉरीशस | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 74 | मेक्सिको | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 75 | मंगोलिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 76 | मोरक्को | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 77 | मोज़ाम्बिक | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 78 | म्यांमार | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 79 | नामीबिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 80 | नेपाल | 0 | 2 | 16 | 0 |
| 81 | नीदरलैंड | 0 | 0 | 0 | 0 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 82 | न्यूज़ीलैंड | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 83 | नाइजर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 84 | नाइजीरिया | 0 | 0 | 2 | 0 |
| 85 | उत्तर कोरिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 86 | नॉर्वे | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 87 | ओमान | 224 | 136 | 13 | 28 |
| 88 | पाकिस्तान | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 89 | फिलिस्तीन | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 90 | पनामा | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 91 | पापुआ न्यू गिनी | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 92 | पराग्वे | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 93 | पेरू | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 94 | फिलीपींस | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 95 | पोलैंड | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 96 | पुर्तगाल | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 97 | कतर | 0 | 0 | 3 | 1 |
| 98 | रोमानिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 99 | रूस | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 100 | रवांडा | 1 | 4 | 0 | 0 |
| 101 | साओ टोमे और प्रिंसिपे | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 102 | सऊदी अरब | 85 | 74 | 20 | 4 |
| 103 | सेनेगल | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 104 | सर्बिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 105 | सेशल्स | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 106 | सियरा लिओन | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 107 | सिंगापुर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 108 | स्लोवाकिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 109 | स्लोवेनिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 110 | दक्षिण अफ्रीका | 0 | 0 | 0 | 0 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 111 | दक्षिण कोरिया | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 112 | दक्षिण सूडान | 2 | 0 | 0 | 1 |
| 113 | स्पेन | 9 | 0 | 0 | 0 |
| 114 | श्रीलंका | 24 | 4 | 4 | 6 |
| 115 | सूडान | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 116 | सूरीनाम | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 117 | स्वाजीलैंड | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 118 | स्वीडन | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 119 | स्विट्ज़रलैंड | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 120 | सीरिया | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 121 | ताइवान | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 122 | ताजिकिस्तान | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 123 | तंजानिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 124 | थाईलैंड | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 125 | टोगो | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 126 | त्रिनिदाद और टोबैगो | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 127 | ट्यूनीशिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 128 | तुर्की | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 129 | तुर्कमेनिस्तान | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 130 | संयुक्त अरब अमीरात | 19 | 37 | 32 | 1 |
| 131 | युगांडा | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 132 | यूक्रेन | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 133 | यूनाइटेड किंगडम | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 134 | संयुक्त राज्य अमेरिका | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 135 | उज़्बेकिस्तान | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 136 | वेनेज़ुएला | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 137 | वियतनाम | 0 | 1 | 2 | 0 |
| 138 | यमन | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 139 | जाम्बिया | 0 | 0 | 0 | 0 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 140 | **ज़िम्बाब्वे** | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल** | **489** | **284** | **109** | **77** |

*****